Date :- 08-02-2024
Dainik Bhaskar, Page-02, Surat

मेट्रो प्रोजेक्ट • टीबीएम का लाभेश्वर में करेंगे मेंटेनेंस, फिर सेंट्रल वेयर हाउस की ओर बढ़ेगी, वहां होगा ब्रेक थ्रू

टनल का आधा पड़ाव पार, लाभेश्वर स्टेशन पर टीबीएम आई बाहर, पर ब्रेक थ्रू अभी नहीं

ट्रांसपोर्ट रिपोर्टर | सूरत

सूरत मेट्रो के पहले सेक्शन के 2.8 किमी अंडरग्राउंड रूट का आधा पड़ाव पार हो गया है। टीबीएम 1.5 किमी टनल बनाकर लाभेश्वर चौक स्टेशन पर बाहर आ गई थी। पहले पहला ब्रेक थ्रू लाभेश्वर चौक स्टेशन पर होने की चर्चा थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अब कहा जा रहा है कि पहला ब्रेक थ्रू सेंट्रल वेयर हाउस स्टेशन पर किया जाएगा। सूरत मेट्रो प्रशासन का कहना है कि लाभेश्वर चौक स्टेशन पर टीबीएम की मेंटेनेंस की जाएगी। उसके बाद यह सेंट्रल वेयर हाउस सेक्शन की ओर टनल बनाते हुए आगे बढ़ेगी।

अब टीबीएम का पहला ब्रेक थ्रू का सेलेब्रेशन सेंट्रल वेयर हाउस स्टेशन पर किया जाएगा। बता दें कि सूरत मेट्रो लाइन-1 में कापोद्रा से सूरत स्टेशन के बीच अंडरग्राउंड सेक्शन में टनल बनाने का काम पिछले जनवरी 2023 में शुरू हुआ था। इसके लिए कापोद्रा अंडरग्राउंड स्टेशन से 'तापी' और 'नर्मदा' नाम की दो टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) से टनल बनाने का काम शुरू किया गया था। तापी टीबीएम कापोद्रा अंडरग्राउंड से टनल बनानी शुरू की थी। अब तापी टीबीएम अप लाइन की 1.5 किमी टनल बनाकर लाभेश्वर अंडरग्राउंड स्टेशन से बाहर आ गई है। यहां इसकी तकनीकी निरीक्षण के बाद मरम्मत की जाएगी। उसके बाद यह फिर से अपना सफर शुरू करेगी और सेंट्रल वेयर स्टेशन पर अपना पहला ब्रेक थ्रू करेगी।

कापोद्रा-स्टेशन सेक्शन पर 1.5 किमी टनल बनी, दूसरे सेक्शन पर हुआ 500-500 मीटर काम



इतनी चौड़ी सूरत मेट्रो टनल बनाई जा रही है

5.8 मीटर इनर डायामीटर

6.35 मीटर आउटर डायामीटर

10 मीटर दोनों टनल के बीच दूरी

टीबीएम तापी को टनल तैयार करने में 13 महीने लग गए

सूरत मेट्रो प्रशासन ने बताया कि लाभेश्वर चौक अंडरग्राउंड स्टेशन पर पूरी टनल का आधा पड़ाव पार कर टीबीएम बाहर आ गई है, लेकिन यह ब्रेक थ्रू नहीं है। पहला ब्रेक थ्रू सेंट्रल वेयर हाउस स्टेशन पर होगा। पिछले 13 माह में 1.5 किमी टनल तैयार कर ली है। यह पैकेज सीएस-3 के 2.8 किमी अंडरग्राउंड सेक्शन का आधा पड़ाव है।

अंडरग्राउंड रूट में यह पहला माइल स्टोन हासिल किया गया

सूरत मेट्रो में टीबीएम का पहला ब्रेक थ्रू लाभेश्वर चौक स्टेशन पर होने की चर्चा थी। हालांकि मेट्रो प्रशासन ने इसका खंडन करते हुए कहा कि पहला ब्रेक थ्रू सेंट्रल वेयर हाउस स्टेशन पर होगा। बुधवार सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे के बीच अप लाइन के 1.5 किमी अंडरग्राउंड का काम पूरा कर तापी टीबीएम बाहर आई।

सूरत स्टेशन से चौक बाजार के बीच भी 500-500 मीटर टनल तैयार

मेट्रो अंडरग्राउंड रूट की लंबाई लगभग 6 किमी है। इसे चौक बाजार से सूरत स्टेशन तक 3 किमी और सूरत स्टेशन से कापोद्रा तक 2.8 किमी में बांटा गया है। कापोद्रा से सूरत स्टेशन तक अप-डाउन टनल का काम तापी व नर्मदा ने शुरू किया था। दूसरे सेक्शन पर सूरत स्टेशन से चौक बाजार के बीच 500-500 मीटर टनल बन चुकी हैं।